स्वच्छता अभियान का दूसरा दिनः लोक सभा अध्यक्ष ने संसद सदस्यों से गांधी जी के स्वच्छता मिशन को पूरा करने का अनुरोध किया

नई दिल्ली, 14 जुलाई, 2019: लोक सभा परिसर में स्वच्छता अभियान के कार्य के दूसरे दिन लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने संसद भवन परिसर में स्वच्छता अभियान में सांसदों का नेतृत्व किया । केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक और अन्य सांसदों ने भी इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया ।

लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने स्वयं संसद भवन परिसर में सफाई का कार्य किया और संसद भवन को स्वच्छ रखने हेतु चलाए गए स्वच्छता अभियान की प्रगति का जायजा लेने के लिए संसद भवन के विभिन्न तलों, संसदीय सौध और इसके विस्तार भवन का भी दौरा किया ।

इससे पहले, मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए श्री बिरला ने कहा कि महात्मा गांधी ने भारत में स्वतंत्रता आंदोलन के साथ-साथ*स्वच्छता जन-आंदोलन* की शुरूआत की थी और उनकी 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर हम आशा करते हैं कि वर्ष 2019 तक उनके स्वप्न को साकार करने के लिए हमारा देश स्वच्छ हो जाए। इसके लिए संसद के सभी सदस्य जनप्रतिनिधि के रूप में स्वच्छ आंदोलन का संदेश संसद से देश के प्रत्येक गांव और शहर तक ले जाने के लिए कार्य करेंगे ।

दो दिवसीय स्वच्छता अभियान की शुरूआत कल लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला द्वारा संसद भवन परिसर में की गई थी । इस कार्य के लिए संसद भवन परिसर सात सेक्टरों में विभाजित किया गया था और नामित नोडल अधिकारियों को सफाई के समन्वय का कार्य तथा अन्य संबंधित कार्य सौंपे गए थे ।